269 4. वर्ष 2015–16 के लिए समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) हेतु दिशा–निर्देश।

कृपया वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए समझौता ज्ञापन के मसौदे के लिए दिशा–निर्देशों की एक प्रति इसके साथ संलग्न देखें। ये दिशा–निर्देश डी. पी. ई. की वेबसाइट *http://www/-dpemou.nic.in* पर भी उपलब्ध है।

2. उक्त दिशा–निर्देशों के आधार पर वर्ष 2015–16 के लिए एम ओ यू का मसौदा बनाने हेतु सी. पी. एस. ई. (धारक और सहायक कंपनियों) को सलाह दी जाए ।

3. सी. पी. एस. ई. और इसकी सहायक कंपनियों के लिए एम ओ यू दिशा–निर्देशों में निर्दिष्ट विवरणों के साथ–साथ अनुलग्नकों सहित वर्ष 2015–16 के लिए मसौदा एम ओ यू की एक अग्रिम प्रति अद्यतन वार्षिक योजना, वार्षिक बजट, कारपोरेट योजना की एक प्रति आरएफएमएस पर अपलोड की जाए तो हार्ड और सॉफ्ट प्रति के साथ 1 दिसंबर, 2014 तक डी. पी. ई. को सीधे भेजनी होगी। बोर्ड के अनुमोदन के बाद में मुख्य प्रति को आरएफएमएस में इसको अपलोड़ करने के बाद प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग के माध्यम से डी. पी. ई., योजना आयोग ओर सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय को 19 दिसंबर, 2014 को भेजा जा सकता है। सभी दस्तावेजों/अनुलग्नकों सहित अनुमोदित प्रतियों को एम ओ यू समझौता बैठकों की तारीख से पहले संबंधित सिंडीकेट ग्रुप के कार्य बल सदस्यों को काफी पहले सी. पी. एस. ई. के द्वारा भेजनी होगी।

गुप्त

वर्ष 2015–16 के लिए समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) हेतु दिशा–निर्देश।

1. उपयुक्तता : सभी सी. पी. एस. ई. (धारक और सहायक कंपनियों) के द्वारा बिना अपवाद के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने होते हैं। शीर्ष/ धारक कंपनियां प्रशासनिक मंत्रालय/ विभागों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करेंगी जबकि सहायक कंपनियां, एक सी. पी. एस. ई. और उसके प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग के बीच हस्ताक्षरित एम ओ यू के अनुरूप एम ओ यू पर अपनी–अपनी संबंधित शीर्ष/ धारक कंपनियों के साथ हस्ताक्षर करेंगी।

2. एम ओ यू से छूट : जो सी. पी. एस. ई. बंद कर दी गई है/ प्रचालन में नहीं है, जिनका समामेलित, समापन हो गया है, जो रुग्ण कंपनियां हैं और बंद कर दिए जाने के कगार पर हैं अथवा बिना पुनरुद्धार पैकेज के समामेलित कर दिया गया है, ऐसे सी. पी. एस. ई. के मामले में प्रशासनिक मंत्रालय अपनी सिफारिशों के साथ एक प्रस्ताव 20 दिसंबर, 2014 तक डी. पी. ई. के पास भेजा जाएगा।

3. लक्ष्य निर्धारित करने के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत : एम ओ यू लक्ष्य वास्तविक होने चाहिए लेकिन विकासोन्मुख प्रेरणादायक होना चाहिए और ये प्रस्तावित वार्षिक योजना, सी. पी. एस. ई. के बजट और कारपोरेट योजना तथा मंत्रालय/ विभाग के परिणाम फ्रेमवर्क दस्तावेजों (आरएफडी) के अनुरूप होने चाहिए। उनका योजना दस्तावेज अथवा वार्षिक योजना विचार–विमर्शों के दौरान में निर्दिष्ट लक्ष्यों/ उद्देश्यों को ध्यान में रखना तथा वित्त मंत्रालय के द्वारा अनुमोदित आवंटनों के अनुसार निर्धारण करना चाहिए। सांविधिक अथवा नियामक निकायों के निर्देश भी, यथा लागू कारक होने चाहिए। निश्चित और अनुमानित परिस्थितियों के तहत लक्ष्य अधिकतम प्राप्य होने चाहिए। आईपीओ/ एफपीओ दस्तावेजों में संभावित निवेशकों के लिए प्रकट की गई वित्तीय सूचना और पणधारकों के हित को भी ध्यान में रखना चाहिए।

4. वित्तीय लक्ष्य (स्थिर मापदंड) : प्रासंगिक वित्तीय मानदंडों के बुनियादी लक्ष्यों का इनके आधार पर निर्धारण करना चाहिए – (i) गत पांच वर्षों के वास्तविक पर आधारित अनुमान (कंपनी अधिनियम, 2013 अथवा अन्य प्रासंगिक कानूनों के अनुसार वित्तीय विवरणों की संशोधित अनुसूची के आधार पर पुनः बनाए), (ii) क्षेत्रीय और औद्योगिक विकास का संदर्भ, (iii) आगामी वर्ष के लिए विकास दृष्टिकोण का पूर्वानुमान, (iv) राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रमुख कंपनियों के साथ बेंचमार्किंग, (v) योजना आयोग/ वित्त मंत्रालय के द्वारा निर्धारित लक्ष्य। वित्तीय मानदंडों की परिभाषाएं इन दिशा–निर्देशों के अनुबंध-**I** में उल्लिखित किए अनुसार होनी चाहिए।

5. गैर–वित्तीय लक्ष्य : गैर–वित्तीय लक्ष्य स्मार्ट (विशिष्ट, माप योग्य, प्राप्य, परिणामोन्मुख, मूर्त) होने चाहिए। गैर–वित्तीय मापदंडों के लक्ष्य किसी बाहरी एजेंसी के द्वारा, जहां लागू हो, स्वतंत्र रूप से जांच योग्य होने चाहिए। सी. पी. एस. ई. के द्वारा ऐसे दस्तावेजी प्रमाण के बारे में निर्दिष्ट करना चाहिए जिन पर एम ओ यू में ऐसे दस्तावेजी साक्ष्य के स्रोत/ एजेंसी तथा निष्पादन के प्रमाण के रूप में विश्वास किया जाएगा। मापदंडों का

मूल्यांकन करने के लिए सी. पी. एस. ई. के द्वारा प्रस्तुत किए गए आंतरिक दस्तावेजों को संबंधित सी. पी. एस. ई. के बोर्ड स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा प्रमाणित करना चाहिए। संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी जाती है कि प्रत्येक मापदंड, वित्तीय और गैर–वित्तीय दोनों मापदंडों के लिए दस्तावेजी प्रमाण का एक पूरा सेट सी. पी. एस. ई. के द्वारा डी. पी. ई. को प्रस्तुत किया जाता है। इसके बिना, सी. पी. एस. ई. के निष्पादन का मूल्यांकन डी. पी. ई. नहीं कर पाएगा। जिन मापदंडों के लिए दस्तावेजी प्रमाण डी. पी. ई. के लिए प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, अथवा उचित प्रपत्र में नहीं हैं, ऐसे मापदंडों के संबंध में सी. पी. एस. ई. के द्वारा दावा किए रेटिंग से कम से कम एक ग्रेड तक रेटिंग स्वतः ही इससे कम हो जाएगी।

6. समान एम ओ यू मूल्यांकन प्रपत्र को अपनाने वाले सी. पी. एस. ई. के लिए वित्तीय अनुपातों ओर गतिशील/ गैर–वित्तीय मापदंडों सहित मापदंडों की कुल संख्या 14 से अधिक नहीं होनी चाहिए। *प्रक्रिया उन्मुख कार्यकलापों की अपेक्षा वस्तुपरक परिणामों की ओर ध्यान दे सकने के लिए गैर–वित्तीय मापदंडों की 8 श्रेणियों के अंतर्गत अधिकतम 2 से 3 उप–मापदंडों को वरीयता देनी चाहिए।* धारा 25 के रुग्ण और घाटा उठाने वाले, निर्माणाधीन सीपीएसई के लिए मापदंडों की संख्या, जहां तक संभव हो, 16 से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रासंगिक और महत्वपूर्ण मापदंडों पर बल दिया जाएगा।

7. ग्रुप लक्ष्य : कुछ सी. पी. एस. ई. के निष्पादन परस्पर निर्भर करते हैं क्योंकि उनके कार्य अलग–अलग मंत्रालयों/ विभागों में बंट जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में, संबंधित सी. पी. एस. ई. के एम ओ यू लक्ष्य निर्धारित होने चाहिए ताकि वे अपने निष्पादन और लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संयुक्त रूप से और अलग–अलग जिम्मेदार हों। मामलों का समाधान करने के लिए नियमित सिंडीकेट बैठकों के अलावा या तो सी. पी. एस. ई. की एक संयुक्त बैठक होनी चाहिए अथवा संबंधित सी. पी. एस. ई., रेलवे और/ अथवा प्रशासनिक मंत्रालयों, डी. पी. ई. और उनके अपने–अपने कार्य बल के सिंडीकेटों के संयोजकों की अलग–अलग बैठक (बैठकें) आयोजित की जाएं

8. लक्ष्यों को संशोधित करना : एम ओ यू पर एक बार हस्ताक्षर कर दिए जाने के बाद में लक्ष्यों में किसी प्रकार का संशोधन करने की अनुमति नहीं है। एम ओ यू लक्ष्य बिना किसी शर्त और स्थायी होते हैं। तथापि, सी. पी. एस. ई. के नियंत्रण के बाहर की घटनाओं के लिए एम ओ यू के निष्पादन मूल्यांकन के दौरान एम ओ यू का कार्य बल क्षतिपूर्ति पर विचार कर सकता है और डी. पी. ई. को अपनी सिफारिशें दे सकता है। ऐसे मामलों पर अंतिम निर्णय एम ओ यू पर उच्च अधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) के द्वारा किया जाएगा।

9. कार्यबल/ विशेषज्ञ ग्रुप : एम ओ यू के लिए कार्यबल विशेषज्ञों का एक निष्पक्ष और स्वतंत्र निकाय होता है जो वित्तीय वर्ष शुरू होने से पूर्व सी. पी. एस. ई. के वार्षिक एमओयू लक्ष्यों का निर्धारण करने में और उस वर्ष के पूरा होने के बाद एम ओ यू का निष्पादन मूल्यांकन करने में एम ओ यू पर उच्च अधिकार प्राप्त समिति और लोक उद्यम विभाग की सहायता करता है। वर्ष 2015–16 के लिए सी. पी. एस. ई. को 12 सिंडीकेट समूहों (ग्रुपों) में वर्गीकृत किया गया है। रुग्ण और हानि उठाने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को उनके अपने–अपने प्रभाव क्षेत्र संबंधी सिंडीकेटों में शामिल किया जाएगा। प्रत्येक सिंडीकेट के एम ओ यू पर कार्यल में अधिकतम 6 सदस्य होंगे। कार्यबल को सलाह देने के लिए विशेषज्ञों के 2 समूह वित्त/लेखे के लिए एक और गैर–वित्तीय मामलों के लिए दूसरा ग्रुप स्थापित किया गया है। एम ओ यू पर कार्यबल के लिए एक अध्यक्ष होगा। सिंडीकेट वार कार्यबल सदस्यों की सूची डी. पी. ई. की वेबसाइट **http://www/depenmou.nic.in** पर उपलब्ध होगी।

10. स्थायी समिति की बैठक : डी. पी. ई. ने दिनांक 10 सितंबर, 2013 के का. ज्ञा. सं. 3/10/2013–डी. पी. ई. (एम ओ यू) के द्वारा प्रत्येक सी. पी. एस. ई. के एम ओ यू लक्ष्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जांच करने के लिए एक स्थायी समिति का गठन किया है, जिसमें सी. पी. एस. ई. से संबंधित कार्य करने वाले प्रशासनिक मंत्रालय का संयुक्त सचिव, सी. पी. एस. ई. के प्रभाव क्षेत्र से संबंधित सलाहकार (योजना आयोग), संयुक्त सचिव (एम ओ यू), सलाहकार – डी. पी. ई., निदेशक (एम ओ यू) तथा एम ओ एस पी आई के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। एम ओ यू पर कार्यबल की वार्ता बैठकें से पहले एम ओ यू कार्य के महत्वपूर्ण/ प्रासंगिक मुद्दों पर विचार–विमर्श करने के लिए स्थायी समिति की बैठक भी आयोजित की जाएंगी।

11. प्रशासनिक मंत्रालय/ सी. पी. एस. ई. की भागीदारी : प्रत्येक वार्ता बैठक में प्रशासनिक मंत्रालय के प्रतिनिधि उपस्थित होने चाहिए जिनका स्तर संयुक्त सचिव से कम न हो। तथापि, महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए उनके कार्यों की मात्रा और महत्व के बारे में विचार करते हुए संबंधित प्रशासनिक विभाग के सचिव

की अगुवाई में वार्ता कार्रवाई करने को वरीयता देनी चाहिए। वार्ता बैठकों के लिए सी. पी. एस. ई. दल, सीएमडी और बोर्ड स्तरीय कार्यकर्त्ताओं तक सीमित होना चाहिए।

12. कार्यबल की वार्ता पूर्व बैठक : अपने अपने सिंडीकेट के सभी सी. पी. एस. ई. और डी. पी. ई. के प्रतिनिधियों से प्राप्त मसौदा एम ओ यू पर विचार–विमर्श करने हेतु बातचीत शुरू करने से काफी पहले सिंडीकेट के प्रत्येक कार्य बल के द्वारा एक अथवा अधिक वार्ता पूर्व बैठक (बैठकें) आयोजित की जाएंगी। एम ओ यू मापदंडों को संशोधित करने ओर उनके महत्व आदि के बारे में पूछताछ और सुझाव को डी. पी. ई. के माध्यम से सी. पी. एस. ई./ प्रशासनिक मंत्रालय को भेजा जाएगा जिसमें वार्ता बैठक से पूर्व प्रतिक्रिया हेतु उनके लिए उचित अवधि दी जाएगी। इस कार्य में सदस्य संसाधन समूह (एम आर जी) सहायता करेंगे।

13. समय – आधार : सी. पी. एस. ई. और उसकी सहायक कंपनियों की अनुलग्नकों सहित वर्ष 2015–16 के मसौदा एम ओ यू की एक अग्रिम प्रति तथा वर्ष 2015–16 के एम ओ यू दिशा–निर्देशों में यथा–विनिर्दिष्ट अन्य दस्तावेजों के साथ अद्यतन वार्षिक योजना, वार्षिक बजट, कारपोरेट योजना और वार्षिक रिपोर्ट की प्रति 1 दिसंबर, 2014 तक हार्ड और सॉफ्ट प्रति में डी. पी. ई. को सीधे ही भेजनी चाहिए। इसे ऑन लाइन आरएफएमएस सिस्टम के माध्यम से भी प्रस्तुत करना चाहिए। प्रशासनिक मंत्रालय के अनुमोदन के बाद एम ओ यू की मुख्य प्रति 19 दिसंबर, 2014 तक प्रशासनिक विभाग के माध्यम से डी. पी. ई., योजना आयोग तथा सांख्यिकीय और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के पास भेजनी चाहिए। इसको ऑन लाईन आरएफएमएस एम ओ यू सिस्टम पर भी डालना चाहिए। एम ओ यू वार्ता बैठकों की तारीख से काफी पहले सभी दस्तावेजों/ अनुबंधों की अनुमोदित प्रतियां संबंधित सिंडीकेट ग्रुप के कार्यबल सदस्यों के लिए सी. पी. एस. ई. के द्वारा भेजनी होंगी।

सी. पी. एस. ई. और प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग के बीच तथा सहायक कंपनी और शीर्ष/ धारक सी. पी. एस. ई. के बीच हस्ताक्षरित एम ओ यू के प्रति 25 मार्च, 2015 की लक्षित तारीख के भीतर प्रस्तुत की जानी चाहिए।

संशोधित अनुसूची में सी. पी. एस. ई. के लेखांकन किए आंकड़ों (सांविधिक लेखा परीक्षा लेखों) के आधार पर वर्ष 2014–15 की निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट तथा गैर–वित्तीय मापदंडों की प्राप्ति के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य सी. पी. एस. ई. के बोर्ड के अनुमोदन के बाद डी. पी. ई. तथा कार्यबल सदस्यों को भेजना तथा प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग के माध्यम से वर्ष 2014–15 के लिए 31 अगस्त, 2015 की लक्षित तारीख के भीतर तथा वर्ष 2015–16 के लए 31 अगस्त की लक्षित तारीख के भीतर डी. पी. ई. (ऑन–लाइन आरएफएमएस एम ओ यू सिस्टम के माध्यम से प्रस्तुत करनी चाहिए)।

14. मंत्रालय/ विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (धारक और सहायक कंपनियों) को यह सलाह दी जाए कि वे एम ओ यू दिशा–निर्देशों के आधार पर वर्ष 2015–16 का मसौदा एम ओ यू प्रस्तुत करें। ये दिशा–निर्देश डी. पी. ई. की वेबसाइट *http://www/dpemou.nic.in* पर भी उपलब्ध है।

गुप्त

समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) प्रशासनिक मंत्रालय और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सी. पी. एस. ई.) के प्रबंधन के बीच वित्तीय वर्ष के शुरू होने से पूर्व लक्ष्यों का निर्धारण करने के लिए समझौता करने का एक करार और संविदा है और इसका अभिप्राय निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में वित्तीय वर्ष के पूरा होने के बाद सी. पी. एस. ई. के निष्पादन का मूल्यांकन करना है।

1. सी. पी. एस. ई. का मिशन, विजन और उद्देश्य

1.1 मिशन/ विजन

मिशन/ विजन में उद्यम के अस्तित्व और उसके कारोबार/ कार्यकलापों के लिए तर्काधार को शामिल करते हुए एक सटीक विवरण होना चाहिए। मिशन विवरण का उद्यम के द्वारा नियोजित की जा रही नई पहलों अथवा/ और उसके सक्रिय विचाराधीन पहलों को ध्यान में रखकर प्रतिपादन करना चाहिए । मिशन/ विजन में हरेक वर्ष बदलाव करने को तरजीह नहीं दी जानी चाहिए।

1.2 उद्देश्य

उद्देश्य उद्यम के मिशन से जुड़े होने चाहिए और उद्यम के निदेशक मण्डल द्वारा यथा अनुमोदित प्राथमिकता के क्रम में सूचीबद्ध होने चाहिए। इन उद्देश्यों में उद्यमों के प्रचालनों के मात्रात्मक और गुणवत्ता संबंधी; वाणिज्यिक और गैर–वाणिज्यिक; तथा स्थिर और गतिशील पहलू शामिल होने चाहिए। यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए कि सभी उद्देश्यों को एम ओ यू में दर्शाया जाता है।

2. सरकार से वचनबद्धता/ सहायता

2.1 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सी. पी. एस. ई.) के निष्पादन का प्रशासनिक मंत्रालयों/ विभागों की वचनबद्धता और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को दी गई वास्तविक सहायता के संदर्भ में मूल्यांकन किया जाता है। इसका निर्धारण करना होगा तथा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों की निष्पादन मूल्यांकन स्कोर शीट के साथ एक रिपोर्ट प्रशासनिक मंत्रालयों/ विभागों के द्वारा डी. पी. ई. को (आरएफएमएस एमओयू सिस्टम पर ऑन लाइन के माध्यम से) प्रस्तुत करनी होगी, जिसकी एचपीसी के द्वारा समीक्षा की जाएगी। सरकार की ओर से वचनबद्धताएं/ संभावित सहायता स्वीकृत निष्पादन लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में प्रासंगिक एवं संबद्ध होनी चाहिए। इन दायित्वों का उद्यम के निष्पादन पर प्रत्यक्ष प्रभाव होना चाहिए तथा निष्पादन पर उनके प्रभाव के बारे में मूल्यांकन करना चाहिए। इन वचनबद्धताओं/ सहायता पर आधारित लक्ष्य सशर्त अथवा अस्थायी नहीं होने चाहिए। वचनबद्धताओं/ आश्वासनों को संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/ विभाग के परिणाम फ्रेमवर्क दस्तावेजों (आर एफ डी) में उपयुक्त रूप से शामिल किया जाएगा।

2.2 स्वतंत्र निदेशकों के महत्व को ध्यान में रखते हुए संबंधित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों के पदों को समय से भरने के संबंध में प्रशासनिक मंत्रालयों/ विभागों की विशिष्ट वचनबद्धता को संबंधित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों में शामिल किया जाएगा, जहां लागू हों।

3. निष्पादन आकलन लक्ष्य और उनका निर्धारण

3.1 निष्पादन मूल्यांकन "संतुलित स्कोर कार्ड" पहल पर आधारित होता है। इसमें "वित्तीय" और "गैर–वित्तीय" दोनों मापदंड शामिल होते हैं जिनमें प्रत्येक का 50 प्रतिशत बराबर महत्व होता है। तथापि, "रुग्ण और हानि कर रहे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों", "धारा 25 के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों" के मामलों में वित्तीय और गैर–वित्तीय मापदंडों के लिए महत्व क्रमशः 40 प्रतिशत और 60 प्रतिशत होगा। निर्माणाधीन "परियोजना संबंधी मापदंडों" और "गतिशील मापदंडों" के तहत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के मामलों में क्रमशः 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत का महत्व होगा।

3.2 "घटिया निष्पादन" से "उत्कृष्ट निष्पादन" में अंतर करने की दृष्टि से 5 प्वाइंट स्केल पर एम ओ यू में 5 अलग–अलग निष्पादन लक्ष्य निर्धारित किए जाने चाहिए अर्थात (1) "उत्कृष्ट" (2) "बहुत अच्छा" (3) "अच्छा" (4) संतोषजनक और (5) "घटिया"।

3.3 कार्यबल, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग के साथ परामर्श करके उत्कृष्ट, बहुत अच्छा, अच्छा आदि के बीच अंतर के बुनियादी लक्ष्य एवं स्तर निर्धारित करेगा।

3.4 कार्यबल सिंडीकेटों द्वारा एम ओ यू वार्ता बैठक में मापदंडों और उनके महत्व को अंतिम रूप दिया जाएगा और संयोजक के साथ मिलकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

3.5 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, यथा लागू वित्तीय/ गैर–वित्तीय मापदंडों से संबंधित राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्कों के बारे में सूचना देगा। मंत्रालय/ विभाग एम ओ यू 2015–16 भेजते समय लागू बेंचमार्कों के साथ–साथ क्षेत्र और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के निष्पादन के बारे में पृष्ठभूमि टिप्पणी भी देगा। कार्यबल एम ओ यू लक्ष्यों का निर्धारण करते समय बेंचमार्कों सहित इस सूचना को ध्यान में रखेगा।

वित्तीय लक्ष्य

3.6 वित्तीय शब्दों की परिभाषाएं : सभी वित्तीय शब्द अनुबंध-**I** में दी गई सूचनाओं के अनुरूप होने चाहिए।

3.7 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम इस आशय का एक स्व–प्रमाण पत्र देगा कि वित्तीय मापदंडों के लक्ष्यों को प्राप्त करते समय डी. पी. ई. के एम ओ यू दिशा–निर्देशों में निर्धारित की गई परिभाषाओं और मानदंडों का सख्ती से और अनिवार्य रूप से पालन किया गया है और इनसे किसी प्रकार का अंतर नहीं किया गया है। मूल्यांकन के समय पर यदि यह पाया गया कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के द्वारा एम ओ यू दिशा–निर्देशों के अनुसार परिभाषाओं का पालन नहीं किया गया है, तो लोक उद्यम विभाग, एम ओ यू दिशा–निर्देशों में दी गई परिभाषाओं के अनुसार एम ओ यू उपलब्धियों का मूल्यांकन करेगा।

3.8 लक्ष्य सैट वास्तविक, विकासोन्मुख और प्रेरणात्मक होना चाहिए। वे वर्ष 2015–16 के बजट के अनुरूप होने चाहिए तथा उनके अनुरूप होने चाहिए जिनको योजना आयोग, वित्त मंत्रालय, प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग और अन्य सांविधिक अथवा नियामक निकायों द्वारा यथा लागू अनुमोदित किया है। यह देखा गया है कि कुछ केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम सुलभ लक्ष्यों के लिए अपने मामले को प्रस्तुत करने के लिए आगामी वर्ष के लिए

अपने अनुमानित निष्पादन को व्यवस्थित कर रहे हैं। ऐसे मामलों में, एम ओ यू का निष्पादन मूल्यांकन करते समय डी. पी. ई./ कार्यबल को इस प्रकार व्यवस्थित करने तथा उपलब्धियों की तुलना ग्रास (अपरिष्कृत) के कारणों के बारे में बताने के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक से मिलने के लिए स्वतंत्र होगा। निष्पादन, मूल्यांकन के दौरान कार्यबल उपयुक्त समायोजन कर सकते हैं ओर तदनुसार स्कोर एवं रेटिंग की सिफारिश कर सकते हैं।

3.9 वित्तीय मापदंडों के लिए बुनियादी लक्ष्य (बीटी) का निर्धारण करने के लिए, विगत 5 वर्षों की वास्तविक उपलब्धि (अनुबंध-VI क) तथा कारक यथा क्षमता और उसका विस्तार, कारोबार माहौल, कार्यान्वयनाधीन परियोजनाएं, सरकारी नीतियां, बाहरी कारक तथा कंपनी के विकास संबंधी पूर्वानुमान के बारे में विचार करना चाहिए। इसके अलावा, राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्कों पर भी विचार करना होगा, जहां लागू हों। बुनियादी वित्तीय लक्ष्यों का, सामान्य तौर पर, पहले वर्ष की उपलब्धि अथवा लक्ष्यों की तुलना में संदिग्ध विकास का तब अनुमान लगाकर निर्धारण करना चाहिए जब तक पहले वर्ष के खराब निष्पादन न हो। खराब निष्पादन के मामलों में विगत 3 वर्षों के वास्तविक निष्पादन के औसत पर वृद्धि के बारे में विचार करते हुए वास्तविक, प्राप्ति योग्य लक्ष्य के बारे में विचार किया जा सकता है। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए, जिन्होंने अपना व्यवसाय हाल ही में शुरू किया है, उपलब्ध आंकड़ों का उपयोग करते हुए अनुमान लगाएं जाएंगे।

गैर–वित्तीय/ गतिशील लक्ष्य

3.10 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम गैर–वित्तीय मापदंडों का चयन कर सकता है, जिनको प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग के साथ परामर्श करके उसके कार्यकरण के लिए उसके उद्देश्यों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण समझा जाता है। तथापि निर्धारित गैर–वित्तीय लक्ष्य स्मार्ट (विशिष्ट, माप योग्य, प्राप्य और परिणामोन्मुखी) होने चाहिए। गैर–वित्तीय मापदंडों के लिए लक्ष्य किसी बाह्य एजेंसी से स्पष्ट रूप से पहचान योग्य और स्वतंत्र रूप से सत्यापन योग्य होने चाहिए, जहां लागू हो तथा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के द्वारा उन दस्तावेजी साक्ष्य को विनिर्दिष्ट करना चाहिए, जिन पर निष्पादन के प्रमाण के रूप में तथा ऐसे दस्तावेजी साक्ष्य के स्रोत/ एजेंसी के रूप में वे विश्वास करेंगे। आशय पारदर्शी और वस्तुपरक मूल्यांकन सुनिश्चित करना है।

3.11 एम ओ यू वार्ता बैठक के विचार–विमर्श के दौरान यदि, कार्यबल इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि एम ओ यू मूल्यांकन प्रपत्र में यथा निर्दिष्ट कोई गतिशील मापदंड किसी विशेष केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के लिए प्रासंगिक नहीं है, तो कार्यबल नए मापदंड बना सकता है और उस मापदंड के प्रासंगिक शेष महत्व को तदुनसार समायोजित कर सकता है। कार्यबल के विवेक पर एक मापदंड के रूप में लेखा–परीक्षा शर्त को न्यूनीकरण लागू किया जा सकता है । साथ ही, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों की लेखा परीक्षा रिपोर्ट में आंतरिक नियंत्रण पर टिप्पणी/ शर्त हो, तो बाहरी एजेंसियों के साथ परामर्श करके आंतरिक नियंत्रण मैनुअल तैयार करने/ आंतरिक नियंत्रण प्रक्रिया का क्रियान्वयन एम ओ यू मापदंडों के रूप में लागू किया जा सकता है। मूल्यांकन करने के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के द्वारा लेखा परीक्षा शर्त को उसके वित्तीय प्रभाव के साथ, यदि कोई हो, शामिल करना चाहिए।

3.12 क्षेत्र–विशिष्ट और उद्यम–विशिष्ट मापदंड

कार्यबल उपयुक्त क्षेत्र–विशिष्ट और उद्यम विशिष्ट मापदंडों की पहचान करेगा/ तैयार करेगा तथा जहां तक जरूरी समझा गया, वहां पर प्रशासनिक मंत्रालय/ सी. पी. एस. ई. के साथ परामर्श करके महत्व को बदल सकता है तथा मापदंडों को गैर–वित्तीय मापदंडों के अधीन एक साथ मिला भी सकता है।

3.13 विकास के लिए पहलें

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के वित्तीय निष्पादन के अलावा, निर्धारण योगय वास्तविक लक्ष्य बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि वे किसी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम की उत्पादकता और दक्षता को प्रतिबिम्बित करते हैं। कार्यबल यह सुनिश्चित करेगा कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के एम ओ यू में वास्तविक लक्ष्यों को पर्याप्त महत्व दिया जाता है। इस श्रेणी के अंतर्गत उप–मापदंड के रूप में निर्यात संवर्धन का केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए सुझाव दिया जाता है, जिनके पहले से ही वैश्विक प्रचालन कार्य हैं अथवा जहां पर उसके लिए कार्य क्षेत्र हैं।

3.14 क्षमता वृद्धि

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम/ प्रशासनिक मंत्रालय अपने मिशन/ विजन संबंधी विवरण, व्यवसाय योजना और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर मापदंड के रूप में क्षमता वृद्धि का चयन कर सकता है।

3.15 परियोजना प्रबंध और कार्यान्वयन

सांख्यिकीय और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एम ओ एस पी आई) के द्वारा मानीटर की जा रही परियोजनाओं सहित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली जारी और नई परियोजनाओं को गैर–वित्तीय लक्ष्यों में शामिल करना चाहिए। वर्ष के दौरान पूरी की जाने वाली नई/ जारी परियोजनाओं की सूची, जिनको वर्ष के दौरान पूरा नहीं किया जा सकता है, उन नई/ जारी परियोजनाओं के लिए प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्यों के बारे में विशेष रूप से उल्लेख करना चाहिए।

3.16 कापेक्स

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को पूंजीगत व्यय करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा इसे एम ओ यू में मापदंड के रूप में शामिल किया जाता है। इस मापदंड को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए शामिल किया जाता है, जिसे नकद अधिशेष में संचित किया है और क्षमता अभिवृद्धि एक जरूरत/ मांग है तथा प्रबंधन इसे आवश्यक चर के रूप में समझता है। एमएमसीसी/ पीएमओ के द्वारा मानीटर किए गए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए यह अनिवार्य होगा।

3.17 कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी एस आर) और सम्पोषणीयता

"कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और सम्पोषणीयता" को "गैर–वित्तीय मापदंडों" के अंतर्गत शामिल किया जाता है और इसे 3 अंकों तक महत्व दिया जा सकता है।

यदि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम कंपनी अधिनियम 2013 अथवा डी. पी. ई. के द्वारा जारी सी आर एस दिशा–निर्देशों के अनुसार निधियों को खर्च करने में असमर्थ रहता है, तो उन्हें 1 अंक तक नकारात्मक अंक देकर दंडित किया जाएगा।

3.18 अनुसंधान और विकास (आर एंड डी)

अनुसंधान और विकास परियोजनाएं शुरू करने के लिए इच्छुक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए एक "गैर–वित्तीय मापदंड" "अनुसंधान और विकास'' को शामिल किया जा सकता है । अनुसंधान और विकास आधारभूत वैज्ञानिक अनुसंधान के रूप में नहीं होता (यद्यपि इसे बाहर नहीं किया है)। इसको विनिर्माण, प्रसंस्करण, उत्पाद विकास पैकेजिंग, विपणन और यहां कि तक कि उपलब्ध और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों और तकनीकों के नवीनीकरण, अपनाने और अनुप्रयोग के जरिए कार्य प्रक्रियाओं सहित सभी कार्यकलापों में प्रचालनात्मक दक्षताओं में सुधारों के साथ लिंक करना चाहिए। न्यूनतम 3 अंक के महत्व से अनुबंध-IX में यथा सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए यह मापदंड अनिवार्य है। तथापि यदि इसे कंपनी के विकास के लिए जरूरी समझते हैं तो अन्य केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम भी अनुसंधान और विकास को एक मापदंड के रूप में ले सकते हैं। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को आईआईटी जैसे प्रमुख तकनीकी संस्थानों के पास सहयोगी अनुसंधान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अनुसंधान और विकास कार्य का प्रशासनिक मंत्रालय के द्वारा नियुक्त कम से कम दो स्वतंत्र विशेषज्ञों के द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा और इस मूल्यांकन रिपोट्र को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम द्वारा प्रस्तुत समग्र मूल्यांकन रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा।

3.19 मानव संसाधन प्रबंध (एचआरएम)

"मानव संसाधन प्रबंध" गैर–वित्तीय मापदंड के अधीन एक घटक रहता है। एचआरएम के अधीन प्रासंगिक उप मानदंडों का एचआरएम दिशा–निर्देशों से चयन करना चाहिए। विशेष तौर पर महारत्न और नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए एचआरएम के अधीन एक संघटक के रूप में उत्तरोत्तर योजना को प्रोत्साहित किया जाएगा।

3.20 अनुसंधान और विकास तथा मानव संसाधन प्रबंधन के लिए दिशा–निर्देश डी. पी. ई. के एम ओ यू प्रभाग की वेबसाइट (*htte://www.dpemou.nic.in/*) पर उपलब्ध हैं। कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और सम्पोषणीयता पर दिशा–निर्देश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे और विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

3.21 जोखिम प्रबंधन

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम/ प्रशासनिक मंत्रालय जोखिम प्रबंधन के तहत शुरू किए गए कार्यकलापों का आकलन करेगा और जोखिम की प्रकृति पर निर्भर रहते हुए गतिशील/ गैर–वित्तीय मापदंडों की एक उपयुक्त विस्तृत श्रेणी के तहत उप–मापदंड के रूप में जोखिम न्यूनीकरण को शामिल कर सकता है।

3.22 नैगमिक शासन का अनुपालन करने करने के लिए नकारात्मक मार्किंग करना

लोग उद्यम विभाग के दिनांक 14 मई, 2010 के का ज्ञा. सं. 18(8)/2005 – जी एम के द्वारा नैगमिक शासन पर दिशा–निर्देश जारी किए हैं। सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम सेबी के दिशा–निर्देशों तथा डी. पी. ई. दिशा–निर्देशों दोनों का पालन करेंगे, जबकि गैर–सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए नैगमिक शासन पर डी. पी. ई. के दिशा–निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना अपेक्षित होगा। नैगमिक शासन का अनुपालन न करने से नकारात्मक मार्किंग होगी तथा एम ओ यू स्कोर को निम्नलिखित तरीके से कम किया जाएगा :

क्र. सं.	वार्षिक स्कोर	ग्रेडिंग	दण्ड अंक
1	85 प्रतिशत से ऊपर	उत्कृष्ट	0
2	75 प्रतिशत से 84 प्रतिशत	बहुत अच्छा	0
3	60 प्रतिशत से 74 प्रतिशत	अच्छा	0.5
4.	50 प्रतिशत से 59 प्रतिशत	संतोषजनक	0.5
5.	50 प्रतिशत से कम	निराशाजनक	1.0

यदि कोई केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम नैगमिक शासन की स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग के माध्यम से अथवा सीधे ही समय सीमा के भीतर डी. पी. ई. के लिए प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम को "पालन न किया" के रूप में ग्रेड दिया जाएगा और उसको घटिया रेटिंग के रूप में माना जाएगा।

3.23 अन्य दिशा–निर्देशों/ विनियमों का अनुपालन न करने के लिए नकारात्मक मार्किंग

क) एमएसएमई से प्राप्त करना

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के द्वारा 25 अप्रैल, 2012 के अ. शा. सं. 21(1)/2011 – एम ए के द्वारा जारी किए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के आदेशों के लिए सार्वजनिक प्राप्ति नीति का पालन करना होगा तथा पूर्वोक्त आदेश का अनुपालन न करने पर 1 अंक का दंड दिया जाएगा।

ख) डी. पी. ई. दिशा–निर्देशों का अनुपालन न करना

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को दिनांक 28 जून, 2011 और 15 सितंबर, 2014 को का. ज्ञा. सं. डी. पी. ई./14 (38)/10 – वित्त में दिए ब्यौरे के अनुसार अपने प्रशासनिक मंत्राालय/ विभाग के माध्यम से निर्धारित समय–सीमा के भीतर और विनिर्दिष्ट प्रपत्र में डी. पी. ई. के द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का कार्यान्वयन करने के संबंध में एक प्रमाण पत्र देना होता है। प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्र के आधार पर निर्धारित किए गए डी. पी. ई. के दिशा–निर्देशों का पालन न करने पर 1 अंक का दण्ड दिया जाएगा। यदि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुपालन प्रमाणपत्र और मार्च 2014 और 2015 को समाप्त हुए वर्ष की भारत के नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक की रिपोर्टों की टिप्पणियों (यदि कोई हो) के बीच कोई असंगति पायी जाती है, तो केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम को 1'(एक) अंक कम करके' दण्डित किया जाएगा।

ग) सीएसआर दिशा–निर्देशों का पालन न करना

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के द्वारा अधिनियमों, नियमों तथा इस संबंध में डी. पी. ई. के द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का अनुपालन करने के संबंध में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसका अनुपालन न करने पर एम ओ यू मूल्यांकन के समय पर 1 अंक का दण्ड दिया जाएगा।

घ) अन्य का अनुपालन न करना

लोक उद्यमों के सर्वेक्षण के लिए आंकड़े प्रस्तुत करने, एमओएसपीआई की वेबसाइट आदि पर उनके आंकड़ों को अद्यतन करने, तथा गंभीर मामलों में नियामकों की अपेक्षाओं का अनुपालन न करने सहित सरकार के किसी निर्देश का अनुपालन न करने पर अनुपालन न करने की मात्रा और गंभीरता के आधार पर 1 अंक तक दण्ड दिया जाएगा। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के द्वारा सरकार के निर्देशों तथा नियामकों की अपेक्षाओं (अनुबंध VIII) का अनुपालन करने के संबंध में एक प्रमाण पत्र देना होगा।

4. मसौदा एम ओ यू के साथ अनुलग्नक

4.1 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के द्वारा एम ओ यू दिशा–निर्देशों में उल्लिखित सभी उपबंधों/ दस्तावेजों के साथ प्रासंगिक प्रपत्र में मसौदा एम ओ यू लोक उद्यम विभाग और प्रासंगिक सिंडीकेट के कार्यबल के सदस्यों के लिए संलग्न करने चाहिए।

4.2 वर्ष 2015–16 के लिए एम ओ यू लक्ष्यों तथा अगले दो वर्षों के लिए अनुमानों सहित पिछले 5 वर्षों के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के मुख्य वित्तीय सूचक *अनुबंध -VI-क* के रूप में संलग्न प्रपत्र में प्रस्तुत करने चाहिए। गत 2 वर्षों के गैर–वित्तीय लक्ष्य तथा अगले 2 वर्षों में संभावित उपलब्धियों से संबंधित सूचना *अनुबंध VI-ख* के रूप में संलग्न प्रपत्र में प्रस्तुत करनी होगी।

4.3 विभिन्न क्षेत्रों के लिए एम ओ यू मूल्यांकन प्रपत्र

सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के द्वारा (धारा 25 की कंपनियों, रुग्ण/ हानि उठा रहे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों और निर्माणाधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को छोड़कर) समान प्रपत्र (अनुबंध-II) में दिए प्रासंगिक मापदंडों का चयन करना चाहिए। धारा 25 की कंपनियों, रुग्ण/ हानि उठा रहे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों और निर्माणाधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम क्रमशःअनुबंध-III, अनुबंध-IV और अनुबंध-V में दिए प्रपत्र को स्वीकार करेंगे।

4.4 डी. पी. ई. के द्वारा जारी की गई एम ओ यू 2014–15 पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट के साथ एम ओ यू वार्ता बैठकों (2014–15) के विचार–विमर्श का सारांश रिकार्ड (एसआरडी) कार्यवृत्त मसौदा एम ओ यू 2014–15 के साथ संलग्न करना चाहिए।

4.5 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के द्वारा कारपोरेट योजना, वार्षिक योजना, वार्षिक बजट और वर्ष 2013–14 की वार्षिक रिपोर्ट तथा सितंबर 2014 तक की अवधि के समीक्षा किए गए वित्तीय परिणामों की अद्यतन प्रतियां प्रस्तुत करनी चाहिए। इसी तरह, दिसंबर, 2014 को समाप्त हुई तिमाही तक की निष्पादन, वार्ता बैठकों से पूर्व/ दौरान उपलब्ध कराना चाहिए।

5. एम ओ यू पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया

5.1 एम ओ यू वार्ता बैठकों के कार्यवृत्त पर आधारित संशोधित एम ओ यू को एम ओ यू के हस्ताक्षर से पूर्व डी. पी. ई. के द्वारा प्रमाणीकरण हेतु सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (धारक और सहायक कंपनियों) के द्वारा अपने–अपने प्रशासनिक मंत्रालयों/ विभागों के माध्यम से भेजना चाहिए।

5.2 वर्ष 2015–16 के लिए एम ओ यू पर समय से हस्ताक्षर करना : केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र और प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग के बीच तथा सहायक कंपनी और शीर्ष/ धारक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के बीच हस्ताक्षरित एम ओ यू की प्रति 25 मार्च, 2015 की लक्ष्य तारीख के भीतर प्रस्तुत कर देनी चाहिए।

6. एम ओ यू मूल्यांकन 2014–15 और 2015–16

6.1 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के एम ओ यू का मूल्यांकन एम ओ यू लक्ष्यों की तुलना में वास्तविक उपलब्धियों के आधार पर वर्ष के अंत में किया जाता है। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा 31 अगस्त, 2015 की लक्ष्य तारीख के भीतर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के बोर्ड के अनुमोदन के बाद तथा प्रशासनिक मंत्रालय/ विभागों के माध्यम से लेखा परीक्षा किए गए आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2014–15 की निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टें लोक उद्यम विभाग तथा सिंडीकेट ग्रुप के कार्यबल के सदस्य के लिए प्रस्तुत करनी अपेक्षित होती है। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के द्वारा एम ओ यू में उपलब्ध कराए अनुसार निष्पादन के प्रमाण के रूप में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने चाहिए। मापदंडों का मूल्यांकन करने के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंतरिक दस्तावेजों को संबंधित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के बोर्ड स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।

6.2 कार्यबल की सहायता और विशेषज्ञता से एम ओ यू पर हस्ताक्षर करने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के निष्पादन का मूल्यांकन कार्य पूरा करने के बाद में लोक उद्यम विभाग, उच्च अधिकार प्राप्त समिति के अनुमोदन हेतु केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के एम ओ यू स्कोर तथा रेटिंग के परिणाम को मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता वाली इस उच्च अधिकार प्राप्त समिति को प्रस्तुत करता है। कार्यबल के द्वारा किए गए अनुमोदन को उच्च अधिकार प्राप्त समिति के द्वारा एक बार अनुमोदन दे देने पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों का संयुक्त स्कोर और रेटिंग अंतिम बन जाती है।

6.3 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के लेखा परीक्षा किए गए आंकड़ों (सांविधिक लेखांकन लेखों) के आधार पर वर्ष 2014–15 की निष्पादन मूलयांकन रिपोर्ट तथा गैर–वित्तीय मापदंडों की उपलब्धि के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के बोर्ड के अनुमोदन के बाद तथा उनके प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग के माध्यम से वर्ष 2014–15 की 31 अगस्त, 2015 की लक्ष्य तारीख के भीतर और वर्ष 2015–16 की 31 अगस्त, 2016 की लक्ष्य तारीख के भीतर लोक उद्यम विभाग तथा कार्यबल के सदस्यों को अलग–अलग समय से प्रस्तुत करने चाहिए।

6.4 एम ओ यू स्कोर तथा रेटिंग : *एम ओ यू स्कोर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के निष्पादन का सूचक है, जिसकी गणना 5–प्वाइंट स्केल के आधार पर 'लक्ष्यों' की तुलना में समस्त "वास्तविक उपलब्धियों" के योग के अनुसार की जाएगी।*

एम ओ यू संयुक्त स्कोर के आधार पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के ग्रेडिंग की प्रणाली निम्नानुसार है :

एम ओ यू संयुक्त स्कोर	रेटिंग
87.5 से 100	उत्कृष्ट
87.5 से कम – 67.5	बहुत अच्छा
67.5 से कम – 37.5	अच्छा
37.5 से कम – 12.5	संतोषजनक
12.5 से कम	घटिया

7. एम ओ यू उत्कृष्टता पुरस्कार

7.1 एम ओ यू उत्कृष्टता पुरस्कारों की कुल संख्या 12 है (10 सिंडीकेट समूहों मे प्रत्येक से 1, सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों से 1, रुग्ण/ घाटा उठा रहे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम में से बारी–बारी से 1)। सभी अन्य 'उत्कृष्ट' निष्पादन करने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को एम ओ यू उत्कृष्टता प्रमाण पत्र मिलते हैं।

7.2 डी. पी. ई. ने 20 अगस्त, 2007 को का. ज्ञा. सं. 3 (13)/2006 – डी. पी. ई. (एम ओ यू) के द्वारा एम ओ यू निष्पादन का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया तथा प्रत्येक सिंडीकेट से उत्कृष्टता पुरस्कार पाने वालों का चयन करने के सिद्धांतों की प्रक्रिया जारी की है और दिनांक 7 जनवरी, 2008 से का. ज्ञा. सं. 3 (29)/2007 – डी. पी. ई. (एम ओ यू) तथा दिनांक 11.11.2013 के का. ज्ञा. सं. 3 (29)/2007 – डी. पी. ई. (एम ओ यू) के द्वारा उत्कृष्टता पुरस्कारों के लिए "श्रेष्ठ सूचीबद्ध" और श्रेष्ठ "रुग्ण/ घाटा उठाने वाले सी. पी. एस. ई. को बारी–बारी से" चयन करने के लिए अपनायी जाने वाली पद्धति जारी की है।

8. अनुबंधों की सूची

अनुबंध - **I** : वित्तीय मापदंडों की परिभाषाएं

अनुबंध - **II** : "धारा 25 के सी. पी. एस. ई.", "रुग्ण/ घाटा उठाने वाले सी. पी. एस. ई." और "निर्माणाधीन सी. पी. एस. ई." के अलावा सी. पी. एस. ई. के लिए एम ओ यू मूल्यांकन प्रपत्र।

अनुबंध - **III** : धारा 25 के सी. पी. एस. ई. के लिए एम ओ यू मूल्यांकन प्रपत्र।

अनुबंध - **IV** : रुग्ण और धारा उठाने वाले सी. पी. एस. ई. को एम ओ यू मूल्यांकन प्रपत्र।

अनुबंध - **V** : निर्माणाधीन सी. पी. एस. ई. का मूल्यांकन प्रपत्र।

अनुबंध -**VI** क : अगले 2 वर्षों के अनुमानों सहित विगत 5 वर्षों के वित्तीय मापदंडों पर सी. पी. एस. ई. के निष्पादन की प्रवृत्ति।

अनुबंध -**VI** ख : अगले 2 वर्षों की संभावित उपलब्धियों सहित विगत 2 वर्षों के गैर–वित्तीय मापदंडों के निष्पादन की प्रवृत्ति।

अनुबंध - **VII** : सी. पी. एस. ई. के द्वारा स्व–घोषणा/ प्रमाणन।

अनुबंध - : **VIII** सरकार के निर्देशों और नियामकों का अनुपालन करने के लिए स्व–घोषणा।

अनुबंध - **IX** : उन सी. पी. एस. ई. की सूची जिनके लिए आर एंड डी अनिवार्य मापदंड है।

अनुबंध - ***I***

वित्तीय एवं लेखा शब्दों की परिभाषा

